**आनंदालय**

**सामयिक परीक्षा – 1**

**कक्षा : छठी**

विद्या सवर्थि साधिका

विषय : हिंदी — अधिकतम अंक : 40

दिनांक:18-07-2024 — समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख' 'ग' और 'घ'
2. खंड 'क' में एक प्रश्न, खंड 'ख' में एक प्रश्न ,खंड 'ग' में तीन और खंड 'घ' में दो प्रश्न हैं ।
3. प्रश्न पत्र में कुल सात प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

**खंड- 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्रार्थना का सामान्य अर्थ है- किसी के प्रति श्रद्धावान रहते हुए, सच्चे शुद्ध तथा सरल मन से भाव प्रकट करना। यह केवल ईश्वर का ध्यान करने के लिए ही नहीं होती, बल्कि यह हमें अनुशासन भी सिखाती है। इसके अतिरिक्त प्रार्थना' व्यक्ति की विनयशीलता, अहंकार शून्यता तथा विनम्रता का प्रतीक है। प्रार्थना का प्रभाव प्रार्थना करने वाले तथा सुनने वाले-दोनों पर पड़ता है। प्रार्थना से मन पवित्र होता है तथा इसे सुनने वाले के हृदय में सहानुभूति दया और स्नेह के भाव जाग्रत होते हैं। जब हम परमात्मा से प्रार्थना करते हैं, तो ईश्वर के प्रति आस्था के भाव जाग्रत होते हैं । कभी-कभी किसी अनुचित कार्य को करने के बाद उसके लिए क्षमा कर देने तथा प्रायश्चित स्वरूप प्रार्थना की जाती है। इससे व्यक्ति के अहंकार, दंश तथा नास्तिकता की भावनाओं का अंत होता है ।

(i) प्रार्थना क्या होती है ? (1)

(क) श्रद्धा के भाव (ख) ईश्वर का गान (ग) ईश्वर का आह्वान (घ) दया की याचना

(ii) प्रार्थना किस चीज़ का प्रतीक है ? (1)

(क) अहंकार के अंत का (ख) विनम्रता का (ग) दोनों का (घ) इनमें से कोई नही

(iii) प्रार्थना का प्रभाव किस पर पड़ता है ? (1)

(क) करनेवाले पर (ख) सुननेवाले पर (ग) दोनों पर (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) प्रार्थना करनेवाले और सुननेवाले पर क्या प्रभाव पड़ता है ? लिखिए। (2)

(v) व्यक्ति के मन की नास्तिकता का अंत कब होता है ? (2)

**खंड-'ख'**

2. निम्नलिखित में से **<u>किन्हीं सात</u>** प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए – (1x7=7)

(i) 'बाढ़, आगज़नी और भूकंप के दौरान कम से कम नुक्सान हो ऐसी योजना बनाकर तैयार रखनी चाहिए ।'

( वाक्य से अनुस्वार युक्त शब्द को छाँट कर लिखिए )

(ii) 'सूरज की बढ़ती आँच से आर्क्टिक हिमनद पिघल रहे हैं ।'
(वाक्य से अनुनासिक युक्त शब्द को छाँट कर लिखिए ।)

(iii) 'दुष्यंत कुमार ने गज़ल लिखकर हिंदी साहित्य को समृद्ध किया ।'
(वाक्य से नुक्ता युक्त शब्द को छाँट कर लिखिए ।)

(iv) 'मनुष्य का सबसे बड़ा गुण मानवता है ।'
(वाक्य में से भाववाचक संज्ञा छाँट कर लिखिए ।)

(v) 'जो जीवन में सफलता पाना चाहता है , वह परिश्रम से नहीं डरता ।'
(वाक्य में सर्वनाम शब्द छाँट कर उसका भेद लिखिए ।)

(vi) भारतीय न्याय प्रणाली मानती है कि भले ही <u>अपराधी</u> न पकड़ा जाए पर किसी ----------- को सज़ा नहीं मिलनी चाहिए । (रेखांकित शब्द का विलोम रिक्त स्थान में लिखिए ।)

(vii) 'अनुरोध' (शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।)

(viii) 'प्रतीक्षा' (शब्द का वर्ण-विच्छेद कीजिए ।)

## खंड- 'ग'

3. गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x4=4)

शुरू-शुरू में चश्मा लगाना बड़ा अटपटा लगा । छोटे-बड़े मेरे चेहरे की ओर देखते और कहते- आँखों में कुछ तकलीफ है ! इस उम्र में ऐनक ! दूध पिया करो । मैं डॉक्टर साहब का कहा दोहरा देती- कुछ देर पहनोगी तो ऐनक उतर जाएगी । वैसे डॉक्टर साहिब ने पूरा आश्वासन दिया था , लेकिन चश्मा तो अब तक नहीं उतरा । नंबर बस कम होता रहा ! मैं अपने-आप इसकी जिम्मेवार हूँ । जब आप दिन की रौशनी को छोड़ कर रात में टेबल लैंप के सामने काम करेंगी -तो इसके अलावा और क्या होगा !

(i) कृष्णा सोबती को क्या अटपटा लगा –
(क) छोटे-बड़ों का उनके चहरे को देखना (ख) रात में काम करना
(ग) टोपी पहनना (घ) चश्मा लगाना

(ii) कृष्णा सोबती को उनके रिश्तेदारों ने क्या सलाह दी-
(क) दूध पीने की (ख) ऐनक पहनने की
(ग) आँखों की तकलीफ दूर करने की (घ) रोशनी में पढ़ने की

(iii) कृष्णा सोबती खुद को चश्मे के लिए जिम्मेवार क्यों मानती थीं ?
(क) वे ऐनक नहीं पहनती थीं (ख) वे दिन में पढ़ती थीं

(iv) क्या कृष्णा सोबतिजी का चश्मा उतर गया ?
(क) हाँ (ख) उनके नंबर बढ़ गए
(ग) उनके नंबर कम हो गए (घ) इनमें से कोई नहीं

4. पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x3=3)

वह चिड़िया जो कंठ खोलकर
बूढ़े वन-बाबा की खातिर
रस ऊँड़ेलकर गा लेती है
वह छोटी मुँहबोली चिड़िया
नीले पंखोंवाली मैं हूँ
मुझे विजन से बहुत प्यार है

(i) पद्यांश के कवि हैं –

(क) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (ख) केदारनाथ अग्रवाल (ग) दुष्यंत कुमार (घ) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ii) चिड़िया गाना कैसे गाती है ?

(क) रस ऊँड़ेलकर (ख) उड़ान भरकर (ग) नदी पर जाकर (घ) डाल पर बैठ कर

(iii) 'बूढ़े वन-बाबा' से क्या तात्पर्य है ?

(क) वन में बूढ़ा बरगद का पेड़ है (ख) जंगल में बाबा रहते हैं

(ग) पुराना जंगल चिड़िया की रक्षा पिता की तरह करता है (घ) इनमें में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित चार में से **<u>किन्हीं तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है ।'- लेखिका किस 'दूरी' की बात कर रहीं हैं ? किसी एक 'दूरी' का विस्तार से वर्णन कीजिए ।

(ii) क्या आप भी चिड़िया की तरह नदी से प्यार करती हैं ? आप उसके प्रति अपना प्यार कैसे प्रकट करेंगी ?

(iii) 'बचपन' पाठ से आप क्या सीख ग्रहण करना चाहेंगे ?

(iv) केशव और श्यामा को 'नादान दोस्त' क्यों कहा गया है, कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

## खंड- 'घ'

6. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए । (1x5=5)

(क) पुस्तक की आत्मकथा

संकेत बिंदु- जन्म एवं पूर्वज, जीवन-यात्रा, उपयोगिता, भविष्य

(ख) कुदरत का कहर:बढाती गर्मी

संकेत बिंदु-बदलते मौसम का कारण, मनुष्य की लापरवाही, बचाव के उपाय, पृथ्वी का भविष्य

(ग) पौष्टिक आहार: हमारे स्वास्थ्य का आधार

संकेत बिंदु- पौष्टिक आहार का अर्थ, पौष्टिक आहार के लाभ, अन्य आहार के साथ तुलना, पौष्टिक आहार कैसे अपनाएँ

7. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरने वाले विचारों को लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए । (1x5=5)

विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से चित्र से सम्बंधित होना चाहिए ।

